हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025




# प्रधानमंत्री आवास योजना में अब मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान की मिलेगी राशि

## छह महीने के भीतर मकान का निर्माण पूरा करने पर मिलेगी राशि, प्रदेश शासन से मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों के पक्के आशियाने का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हो रहा है। इस योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा हितग्राहियों को स्वयं की जमीन पर पक्का मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध हो रही है। जिससे झोपड़ियां अब पक्के मकान में तब्दील हो गई है। बारिश में छत के टपकने से भी निजात मिला है।

इस योजना की सफलता में अब एक कड़ी और जुड़ गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में हितग्राहियों को मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना से राशि दी जाएगी। इस योजना के तहत हितग्राही अगर 6 माह के भीतर अपने मकान का निर्माण कार्य पूरा कर लेता है तो उसे बोनस स्वरूप गृह प्रवेश हेतु प्रोत्साहन राशि 32850 रुपए दी जाएगी। इस योजना में केंद्र की ओर से 1.50 लाख, राज्य की ओर से 1 लाख और मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान राशि 32,850 रुपए और हितग्राही का 1 लाख रुपए का अनुदान शामिल है। राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत 212 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस योजना से लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए हितग्राहियों के खाते में आएंगे। वहीं 6 माह के भीतर मकान का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 32 हजार 850 रुपए गृह प्रवेश हेतु प्रोत्साहन के लिए मिलेगा। इस तरह से देखा जाए तो अब इस योजना में 2 लाख 82 हजार 850 रुपए हितग्राहियों को मिलेंगे। योजना के तहत आवास बनाने लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है।

### 125 हितग्राहियों का भेजा गया डीपीआर

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत हितग्राहियों को स्वीकृति दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। 212 आवास स्वीकृत होने के बाद नगर निगम द्वारा 125 हितग्राहियों का डीपीआर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जल्द ही दूसरी सूची की स्वीकृति भी नगर निगम को प्राप्त हो जाएगी।




### इनको माना जाएगा पूर्ण

30 वर्ग मीटर से 45 वर्ग मीटर तक कारपेट क्षेत्रफल वाले नवनिर्मित आवास में न्यूनतम दो कमरे, रसोई घर और शौचालय, बाथरूम का निर्माण कार्य पूर्ण होना चाहिए। इसके अलावा कमरों के भीतर और बाहर प्लास्टर, फ्लोरिंग, पुताई, बिजली, पानी, दरवाजे-खिड़की कम्प्लीट होने चाहिए। साथ ही मकान के मुख्य द्वार पर योजना का मोनो भी लगाना आवश्यक होगा।

### निर्माण के लिए प्रोत्साहन

प्रधानमंत्री आवास योजना से बीएलसी घटक के तहत 8265 मकान निर्माण की स्वीकृति अब तक शहर में मिली है। जिसमें से लगभग 700 आवास का निर्माण पूर्ण भी हो गया है। हितग्राही अपने आवास का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें, इस उद्देश्य को लेकर भी 2.0 में मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना जोड़ा गया है।

## खबर संक्षेप

### चाकू के साथ युवक पकड़ाया



**राजनांदगांव**। आम स्थान पर चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस ने आरोपी से चाकू बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अगस्त को पुलिस को मोबाइल से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति रानीसागर के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी सचिनदास मानिकपुरी 24 वर्ष निवासी ढीमरपारा को घेराबंदी कर पकड़ा।

आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

## मॉय एंगल




### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई थमने से कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद

# अतिक्रमण पर चार दिन कार्रवाई के बाद सुस्त पड़ा निगम, दोबारा होने लगे कब्जे

## बाजार इलाकों के साथ ही ममता नगर में भी की गई थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी और ममता नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर वाहवाही लूटने वाला नगर निगम महज चार दिन में ही बैकफुट पर आ गया है। आलम यह है कि जहां शहर के अधिकांश इलाकों में निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंच ही नहीं पाई। वहीं जहां अतिक्रमण हटवाया गया था, वहां भी अब दोबारा कब्जा होना शुरू हो गया है। निगम की भेदभाव वाली कार्रवाई के चलते जिन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें भी नाराजगी देखने को मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत के साथ ही नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया था। पुलिस बल के साथ निगम के अफसर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ एक्शन में जुटे हुए थे। गुड़ाखू लाइन में कई दुकानदारों के प्लेटफार्म तक इस कार्रवाई में तोड़े गए। फ्लाई ओवर के नीचे व्यापार करने वाले दर्जनों दुकानदारों को भी इस कार्रवाई के तहत हटवाया गया था, परन्तु कार्रवाई में ब्रेक लगते ही अब दोबारा से फ्लाई ओवर के नीचे ठेले सजाकर व्यापार की शुरूआत हो गई है। इतना ही नहीं जिन इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन हुआ, अब वहां भी धीमे-धीमे सामान बाहर आने लगा है।





फाईल फोटो

### लखोली रोड में अतिक्रमण बढ़ा

रामदरबार चौक से लखोली तक जाने वाली सड़क पर भी पिछले कुछ महीनों के भीतर दर्जनभर से अधिक अतिक्रमण की शिकायतें सामने आई है। अतिक्रमण करने वाले लोगों ने सड़क के किनारे लोहे के कंटेनर को खड़ा कर दुकानदारी शुरू कर दी है। कई निजी प्लाट के सामने यह दुकानें लगाई गई है, ऐसे में भविष्य में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो सकती है।

### मुख्य इलाकों में कार्रवाई क्यों नहीं

शहर में अतिक्रमण को लेकर सबसे अधिक चर्चा में गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, हलवाई लाइन, सदर बाजार, कामठी लाइन सहित अन्य इलाके शामिल हैं, परन्तु निगम ने केवल गुड़ाखू लाइन एवं जूनीहटरी में ही कार्रवाई की, बाकी इलाकों तक निगम की टीम पहुंच नहीं पाई। जिसको लेकर भी लोगों में निगम के खिलाफ नाराजगी देखने को मिल रही है।

### नाले के ऊपर बना ली दुकान

शहर में अतिक्रमण की स्थिति यह है कि लोगों ने धार्मिक स्थल की आड़ में दुकानें तान दी है। शहर के करीबन आधा दर्जन इलाकों में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। कई जगह नाले के उपर अवैध तरीके से दुकानें बनाई गई है। जिसके खिलाफ भी कार्रवाई निगम नहीं कर पा रहा है।



### होनी चाहिए कार्रवाई

मेरे वार्ड में अतिक्रमण के खिलाफ निगम ने कार्रवाई की। उस दौरान शहर के सभी इलाकों में यह कार्रवाई किए जाने की जानकारी व्यापारियों को दी गई थी। ऐसे में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शहर के अन्य इलाकों में भी होनी चाहिए।

**- वर्षा शरद सिन्हा**, एमआईसी चेयरमेन एवं पार्षद वार्ड क्र.25

# मेटोडोर सहित दस क्विंटल सरिया चोरी करने वाले दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छह चक्का मेटाडोर सहित उसमें लोड 10 क्विंटल सरिया की चोरी मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 31 जुलाई को थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का मेटाडोर 6 चक्का वाहन में 10 टन लोहे का सरिया लोड कर रायपुर से भानपुरी के लिए निकली थी। ड्राईवर द्वारा उक्त गाड़ी को झा हार्डवेयर भानपुरी के सामने खड़ी कर बिल देने गया था, जब बिल देकर वापस आया तो देखा कि उक्त गाड़ी वहां पर नहीं था। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। मेमोरंडम कथन के अनुसार उक्त दोनों आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपियों से चोरी गए छह चक्का मेटाडोर वाहन एवं उसमें लोड 10 क्विंटल सरिया तथा चोरी में प्रयोग किए गए मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

### वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते चोरी गई वाहन एवं माल मशरूका के संबंध में तत्काल पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि चोरी गई वाहन को डोंगरगढ़ क्षेत्र में जाते देखा गया है। सूचना पर पुलिस रवाना होकर ग्राम डुंडेरा के पास उक्त वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों से नाम-पता पूछने पर अपना नाम अब्दुल जफर एवं अभिषेक भीवगडे होना बताया एवं दोनों को अभिरक्षा में लेकर मेमोरंडम कथन लिया गया।

# घर के सामने खड़ी मोपेड चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घर के सामने खड़ी मोपेड की चोरी होने के मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से एक मोपेड बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 जुलाई के रात्रि 10 बजे वह अपने सफेद रंग की एक्टिवा वाहन को अपने घर के सामने खड़ा किया था और घर जाकर खाना खाकर सोया। दूसरे दिन 01 अगस्त को सुबह 7 बजे मंदिर जाने के नाम से उठकर घर से निकला तो देखा जहां पर एक्टिवा खड़ी किया था, वहां पर एक्टिवा नहीं था। आसपास पता किया, कोई पता नहीं चला। किसी अज्ञात चोर द्वारा उसकी सफेद रंग की एक्टिवा कीमती लगभग 20,000 रुपए को चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट पर धारा 303(3) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, अवध किशोर, जीवन ठाकुर, मनीष साहू एवं फागूराम की सराहनीय भूमिका रही।

### मोपेड बरामद

पुलिस के अनुसार प्रकरण के अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए मोटर साइकिल एक्टिवा की पतासाजी हेतु घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीसटीवी का बारीकी से अवलोकन कर संदेही शुभम 25 वर्ष गोंदिया को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गए एक्टिवा को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

# नाबालिग का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाबालिग बच्चों का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार सीसीपीडब्ल्यूसी योजनांतर्गत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किए जा रहे अपराधों पर नजर रखकर सायबर टीप रिपोर्ट जांच हेतु संबंधित राज्य एवं जिला व थाना को वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रेषित की जा रही है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

सायबर टीप थाना डोंगरगढ़ को प्राप्त होने पर सायबर टीप जांच पर से आरोपी मोहम्मद हमीद गौरी 50 साल साकिन वार्ड नं. 19 कचहरी चौक डोंगरगढ़ द्वारा अपने व्हाट्सएप एकाउंट में महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो व फोटो वॉयरल करना पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी कायमी दिनांक से लगातार फरार था, जिसे 01 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### योजना के तहत किसानों को मिलता है सालाना छह हजार रुपए

# पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी 1 लाख किसानों के खाते में पहुंचे साढ़े 22 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से मदद करने की मंशा से दी जाने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर दी गई है। डीबीटी के माध्यम से जिले के 1.05 लाख किसानों के खाते में 22.61 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। ज्ञात हो कि हर किसान को सालाना छह हजार रुपए योजना के तहत किस्तों में दिए जाते हैं। इधर किस्त खाते में आने के बाद अब बैंकों के बाहर किसानों की कतार देखने को मिलेगी।

प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई राशि का यह दिन जिले में पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में आयोजित कार्यक्रम से सांसद संतोष पांडे वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से अन्नदाता किसानों को सम्मान देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। श्री पांडे ने कहा कि इस अच्छी बात की चर्चा हर घर एवं गली-मोहल्ले में होनी चाहिए। फसल जोताई, फसल कटाई, मिसाई, बोनी सहित अन्य कार्यों में खेत-खलिहानों में आधुनिक कृषि यंत्र, ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, स्प्रिंकलर सहित विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है।




### स्टॉल का सांसद ने किया अवलोकन

इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे ने किसानों को जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया तथा किसानों को अरहर मिनी किट, केसीसी कार्ड एवं स्वाईल हेल्थ कार्ड का वितरण किया। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

**तीन किस्त में मदद** : उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक खास योजना है। जिसके अंतर्गत किसानों को उनकी खेती-किसानी के दिनों में अप्रैल, अगस्त एवं दिसंबर में राशि प्रदान की जाती है। पहली किस्त जब किसान खेती की तैयारी के समय व्यस्त रहते हैं, दूसरी किस्त अगस्त में निंदाई, गुड़ाई के समय तथा तीसरी किस्त फसल कटाई के समय प्रदान की जाती है।




## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त वन कर्मी को विदाई



**डोंगरगांव।** वन परिक्षेत्र कार्यालय खुज्जी में सहायक ग्रेड 2 पद पर सेवारत हरिप्रसाद गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर कर्मचारियों ने श्री गुप्ता के साथ कार्यानुभव साझा किया। श्री गुप्ता 1991 से दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्य करते हुए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर रेंजर चंद्रशेखर भंडारी, डिप्टी रेंजर शकुंतला वैष्णव, अन्नपूर्णा साहू, मुक्तेश्वर वर्मा, संजय फुंडे, माइकल एंथोनी, राजेश रडक़े, अंजू सोनी, अरुण शर्मा, दिलीप तिवारी, विजय वासनिक, रवि राव, प्रशिक्षु रेंजर प्रवीण देहारे, मीनाक्षी गणवीर, अजय गढ़पायले, वन कर्मचारी संघ अध्यक्ष कमलेश जांगड़े, शिव कुमार साहू, ममता भैंसवारे, पुष्पा शुक्ला, अनुसुइया राव सहित अन्य मौजूद थे।

### जंगल काटने की मची होड़

**मोहला।** आदिवासी अंचल में वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र बांटने के बाद सघन वनों को अवैध रूप से काटने की होड़ लगी है। जब पट्टा बांटा गया था तब अधिनियम को अनदेखी करते हुए 1995 तक काबिज आदिवासियों को पात्र माना गया। उसके बाद लोगों ने जंगलों की बेदर्दी से कटाई करना शुरू कर दिया और वन कर्मचारी मूक दर्शक बने रहे। जानकारी के अनुसार कुछ वन रक्षको ने अपात्र लोगो की सूची बनाया था किन्तु राजस्व विभागों ने सूची में हेराफेरी करते हुए पात्र बनाकर प्रमाण पत्र वितरण कर दिया था जिसके चलते वृक्षो की अवैध कटाई बढ़ी और अधिकारी कर्मचारी धनोपार्जन करते हुए मान्यता प्रमाण पत्र देने में मशगुल रहे। जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती भुपेश बघेल सरकार ने सामुदायिक पट्टे बांटे थे जिन्हे अब वापस लिया जा रहा है। अवैध रूप से बांटे गए प्रमाण पत्र की जांच कर वापस लेने और वन भूमि में पौधे लगाने की मांग उठने लगी है।

### वन निगम में स्टाफ की कमी

**मोहला।** जिला बनने के बाद वन विकास निगम विभाग के मंडल प्रबंधक का आफिस तो आ गया है पर आफिस स्टॉफ अब तक नहीं आया है। आफिस में अस्थाई कर्मचारी को बैठा दिया गया है।राजनांदगाव तथा मोहला जिले में एक ही मंडल प्रबंधक को प्रभारी बना दिया गया है जिसके चलते कोई कार्य का अनुपालन नहीं हो रहा है। प्रबंधक मोहला में उपलब्ध नहीं रहते है। लिपिक भी राजनांदगांव से आना जाना करते हैं। अनुकम्पा प्राप्त कुछ कर्मचारी लिपिक बनने के बाद मोहला में निवास करने से परहेज करने लगे हैं।

### भजन मंडली ने मनाया श्रावणी महोत्सव



**डोंगरगढ़।** अछोली में श्रावणी महोत्सव एवं सावन झूला का आयोजन भजन संध्या मंडली ने किया। भजन संध्या मंडली अध्यक्ष कीर्ति बड़े ने बताया कि मंडली गांव की महिलाओं को धर्म एवं संस्कृति से जोड़े रखने के साथ सनातन धर्म के प्रति जागरूक कर रही है। मंडली द्वारा महिलाओं के लिए श्रावणी झूला उत्सव आयोजित किया, जिसमें कीर्ति बड़े, सुप्रिया रानी गुप्ता, चांदनी ठाकुर, नीलम सिंह, रश्मि गुप्ता, रूना मुखर्जी, मंगला वर्मा, शारदासिंह, स्मृति वर्मा आदि ने शामिल होकर आनंद उठाया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में सदस्यों ने एक दूसरे को बेल का पौधा भेंट किया।

---

### बारिश होने पर छत से टपकता है पानी

# मोरकुटुंब मिडिल स्कूल में फैला करंट मचा हड़कंप, ग्रामीणों ने जड़ा ताला

## मांग के बाद भी नए भवन का निर्माण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

वनांचल के ग्राम मोरकुटुम्ब की पूर्व माध्यमिक शाला भवन में करंट आने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस आशय की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शाला पहुंचकर भवन में ताला जड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी तब मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार पूर्व पूर्व माध्यमिक शाला भवन में गत दिनों अचानक करंट फैल गया। जिससे विद्यार्थियों में अफरा तफरी मच गई। करंट फैलने की खबर लगते ही ग्रामीण स्कूल पहुंचे और बिजली कनेक्शन विच्छेद किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि 2006 में बना शाला भवन जर्जर हो चुका है। बारिश होने पर छत से पानी टपकता है, जिसके कारण भवन में करंट आ गया।



**अतिरिक्त कक्ष में लगेगी शाला**

घटना के बाद अतिरिक्त कक्ष पर स्कूल लगाने पर सहमति बनी। अब विद्यार्थियों की पढ़ाई अतिरिक्त कक्ष में होगी।

**ताला जड़कर दिया धरना**

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल भवन में ताला जड़कर नया भवन निर्माण की मांग करते हुए शाला प्रांगण में बैठ गये। घटना की जानकारी मिलते ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर गांव पहुंचे। सरपंच कौशिल्या बाई, मयाराम साहू, ग्राम पटेल जयसिंग पडोटी, हरदेव कतलाम एवं पूर्व सरपंच सुरेश शोरी ने बताया कि तीन साल से ग्रामीण जर्जर भवन की मरम्मत कराने एवं नया शाला भवन बनाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में एकदम जर्जर हो चुका है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बीईओ प्रशांत चिर्वतकर ने ग्रामीणों को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में माध्यमिक शाला के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 9.52 लाख स्वीकृत हो चुका है। जल्द ही निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा। बीईओ की बात नहीं मानते हुए ग्रामीण लिखित देने पर अड़े रहे। बीईओ के लिखित आश्वासन देने पर ग्रामीण शांत हुए।

---

# जाति प्रमाण पत्र बनाने 8 तक संकुलों में शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं एसडीएम मोहला के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने संकुलों में शिविर लगाया जाएगा। बच्चों के दस्तावेज स्कूलों में बन पाएंगे साथ ही पालकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाने राजस्व तथा शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड मोहला में आगामी 8 अगस्त तक संकुल केंद्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जानकारी के अनुसार आगामी 4 अगस्त को कंदाड़ी, कूल्हारदोह, देवरसुर, पेंदाकोड़ो, मडिय़ानवाड़वी, मोहभट्टा, मोहला-1, मोहला-2, आगामी 5 अगस्त को उरवही, भोजटोला, मांडवीटोला, मडिंगपीडीग भुर्सा, 6 अगस्त को करमरी, छुरियाडोंगरी, मटेवा, वासडी, सोमाटोला, 7 अगस्त को कोरमाटोला, पाटनखास, रानाटोला, रेंगाकठेरा एवं 8 अगस्त को मार्री, मोतीपुर, रामगढ़ में शिविर आयोजन होगा।

**दस्तावेज होंगे तैयार**

शिविरों में पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे पटवारी प्रतिवेदन, वंशावली एवं वंश वृक्ष तैयार किया जाएगा। प्रधान पाठकों की मदद से आवेदन तैयार कर प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा, ताकि पालकों को परेशानी न हो। विभाग ने पालकों से शिविरों का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### कार ने बाइक सवार को मारी ठोकर



**चिचोला।** छुरिया मोड़ के पास कार व बाइक में भिड़त हो गई। रायपुर की ओर से कार क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 8765 आ रही थी इसी दौरान धनेश पटेल पिता विष्णु पटेल अपनी बाइक से रोड क्रॉस कर रहा था जिसे कार ने ठोकर मार दी जिससे बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए छुरिया हॉस्पिटल रवाना किया।

---

# सावन में लगातार चल रहा रामायण पाठ गायत्री मंदिर में रोज जुट रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

श्रावण को श्रद्धा और भक्ति का मास माना जाता है। इस मास श्रद्धालु महादेव को प्रसन्न करने नाना प्रकार के जतन करते हैं। सोमवार को लोग व्रत करने के साथ शिवालयों में पूजा पाठ करते हैं। स्थानीय गायत्री मंदिर में महिला मंडल द्वारा माह भर रामायण पाठ किया जाता है।

स्थानीय गायत्री मंदिर मे शुरूवात से रामायण पाठ कर सावन महात्म्य की कथा बताई जाती है। इस दौरान मधुर भजनों के साथ बाबा भोलेशंकर की पूजा की जा रही है। कई दिनों से चल रहे रामायण पाठ की पूर्णाहूति पर महिला मंडल की सदस्यों ने हवन यज्ञ किया। कल 3 अगस्त को ब्राम्हण भोज आदि का आयोजन रखा गया है। रामायण पाठ और भजनों की प्रस्तुति में महिला मंडल की हीरामणी गुप्ता, शांति सोनी, सीता गुप्ता, चंदा तिवारी, जयंती रावटे, मंजू कुंवर, अशोक यदु, उषा नामदेव, भुनेश्वरी भुआर्य, ऊषा सोनी, ज्योति शर्मा, विभा साहू, शशि सिन्हा, हेमा राठौर, राजकुमारी दीक्षित, पुष्पा दुबे, पिंकी सोनी, कनक सोनी, कीर्ति जया सोनी, प्रीति शाह, भामादेवी साहू, उर्मिला गुप्ता, चंद्रिका साहू, प्रीति गुप्ता सहित अन्य महिलाएं शामिल हुई।



---

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

जिला प्रशासन ने संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन दशहरा मैदान में किया, जिसमें 28 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित आकांक्षी जिला कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, लखन कलामे, जनपद अध्यक्ष मानपुर पुष्पा मंडावी, जनपद अध्यक्ष अं.चौकी पुनऊ राम फुलकौरे, सरपंच गजेन्द्र सिंह पुरामे, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिपं भारती चंद्राकर, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य आदि उपस्थित थे।

उक्त मौके पर जिला स्तरीय विभागों एवं स्व-सहायता समूह ने योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया। स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुपोषण अभियान, शिक्षा विभाग ने स्कूली योजनाओं एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उन्नत कृषि, पशुधन विकास विभाग, उद्यानिकी, बैंकिंग व पोस्ट ऑफिस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल संसाधन विभागो ने भी अपने विभाग के योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी देते हुए स्टॉल लगाए गए थे।



**कार्यक्रम में सम्मानित हुए अधिकारी**

संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में आकांक्षी जिला कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में एसके धीवर, सालिकराम निषाद, चेतनदास सार्वा, सुंदरलाल मंडावी, मनोज चन्द्रवंशी, गीतांजली यादव, गायत्री निषाद, विनोद साहू, ताजीराम सलामे, दीपांशु चंद्रवंशी, शैलेष साहू, लीना ठाकुर, हरिसिंह राजौरिया, सजल शिवहरे, सुकारोबाई निर्मलकर, कुसुमलता पोर्ते, नवीद उल्लाह खान, अतुल लाडेश्वर, कीर्तनी ठाकुर, अनीता कलामे, गीता यादव, एपी शर्मा, वीके सिंह, विजय सोनी, रमेश साहू, आशीष मेश्राम एवं रोहित पाल शामिल थे।

---

# जबलपुर रायपुर इंटरसिटी शुरू करने का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



मंडल भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य हिना जैन ने जबलपुर से रायपुर के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरू करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के चालू होने से जबलपुर से रायपुर तक यात्रा करने वाले लोगों का समय बचेगा साथ ही आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने कहा कि रेल्वे की इस पहल जिले के विभिन्न क्षेत्र से पारिवारिक कार्य सहित धार्मिक यात्रा करने वालों को दुर्ग जाने आने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। जिले के लोग जबलपुर क्षेत्र के महत्वपूर्ण जगहों सीधे जुड़ सकेंगे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा रमनसिंह, सांसद संतोष पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत सहित अन्य का आभार जताया है।

---

# संत तुलसीदास ने समाज को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में 31 जुलाई को प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में तुलसीदास जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तनु ठाकुर, पूजा सोनकर, दीपिका ठाकुर, नेहा यादव, भावना निषाद, जितेन्द्र साहू, गीतांजली साहू ने तुलसीदास के जीवन परिचय एवं उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में वाणिज्य विभागाध्यक्ष शुभि जैन ने कहा कि तुलसीदास ने रामचरित मानस के जरिए मानवता के संदेश को घर -घर पहुंचाकर सामाजिक सेवा किया। प्राचार्य ने तुलसीदास की रचनाओं का महत्व को उजागर करते हुए कहा कि अवधि भाषा में रामचरितमानस अधिक लोकप्रिय हुई। इसी प्रकार हनुमान बाहुक, कवितावली, बरवै रामायण आदि लोकहित में हैं। इस मौके पर लक्ष्मी, रेणुका, डिलेश्वरी, पूजा, नेहा, विनीता, शिवकुमार, जितेन्द्र साहू, अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, डा संजूसिंह, डा काव्या जैन, कंचन साहू आदि उपस्थित थे। संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं आभार प्रदर्शन चांदनी पराते ने किया।



### लोकल ट्रेनों का संचालन पुनः प्रारंभ



**डोंगरगढ़।** नगरवासियों को बहुप्रतीक्षित सौगात मिली है। जनआंदोलन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से डोंगरगढ़ में जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति मिली है साथ ही लंबे समय से बंद लोकल ट्रेनों का संचालन पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। इस निर्णय के बाद डोंगरगढ़ से राजनांदगांव, जबलपुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, गोंदिया एवं नागपुर आदि स्थानों की यात्रा सुलभ हो जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया है।

---

## कार्यक्रम में किसानों ने जताया पीएम का आभार

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रही सम्मान निधि योजना : गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

स्थानीय जनपद पंचायत के सभागृह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में किसान और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में किसानों के खातों में योजना के तहत 20वीं किस्त जमा होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी मुख्य अतिथि थे।

उक्त मौके पर श्री गांधी ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि इस योजना के तहत करोड़ों किसानों को हर वर्ष 6000 रुपए की आर्थिक सहायता खातों में जमा की जा रही है जिससे खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों खरीदने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले कई सरकारें आईं लेकिन किसानों के हित में सीधे लाभ पहुंचाने वाली योजना कभी शुरू नहीं किया गया। उन्होंने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री के इस कदम को ऐतिहासिक बताया।




**किसानों ने भी सराहा**

इस दौरान किसानों ने अनुभव साझा करते हुए इस योजना की सराहना की। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री का आभार जताया और योजना को लगातार जारी रखने की अपील की। सभी किसानों को प्रमाण पत्र, बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जनपद अध्यक्ष रजिता पड़ौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू तथा बड़ी संख्या में किसान आदि मौजूद थे।

---

# रोवर रेंजर जांच शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुमड़ीबोड़

भारत स्काउटस एवं गाइडस छत्तीसगढ़ जिला संघ राजनांदगांव ने स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला मं तृतीय सोपान स्काऊट गाईड निपुण रोवर रेंजन जांच शिविर का आयोजन किया है। शिविर का शुभारंभ गत दिनों राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, जिला मुख्य आयुक्त प्रवास कुमार सिंह बघेल ने किया।

इस दौरान विष्णु साव, ब्लाक अध्यक्ष टोमन साहू, जागेश्वर यादव, टीकम पटेल, अमरोतन साहू, श्री सोरी, प्राचार्य केआर साहू उपस्थित थे। ध्वजारोहण के बाद अतिथियों का जनरल सैल्यूट एवं स्काउट परंपरा के तहत स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। उक्त मौके पर एबीईओ श्री सोरी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण अच्छे से पूर्ण करने करने प्रेरित किया। श्री यादव ने स्काउटिंग को राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम बताया। ब्लाक टोमन साहू ने प्रशिक्षार्थियों को देशभक्ति स्लोगन एवं प्रेरणा गीत के माध्यम से विकास की ओर अग्रसर होने प्रेरित किया। इस दौरान शिविर संचालक लेखराम वर्मा, देवेन्द्र अंबादे, मयूख श्रीवास्तव, भारती रजक, मुन्नालाल साहू, राखी रामटेके, प्रवीण साव, टोमन पटेल, नीलकंठ धुर्वे, तिलेश्वर बघेल, रामलाल चंद्रवंशी, रामनारायण साहू, राकेश रामटेके, डेहर साहू, धर्मेन्द्र रजक, नीरेन्द्र, नीलम साहू, सीता सोरी, कीर्ति साहू, सरिता साहू, श्यामा झा उपस्थित थे। संचालन रामलाल चंद्रवंशी एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती रजक ने किया।



**अवगत कराया पाठ्यक्रम से**

चार दिवसीय जांच शिविर में स्काउट गाइड के प्रवेश प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान स्तर के पाठ्यक्रम एवं रोवर रेंजर के निपुण स्तर के पाठ्यक्रम की बारीकियों से अवगत कराते हुए जांच किया जाएगा। शिविर के आयोजन में सरपंच भुनेश्वरी साहू, वाय साहू, सुरेश जैन आदि सहयोग दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा आज

**सड़क अतरिया।** पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार के नेतृत्व में कल रविवार को नर्मदा कुंड से घंटियारी मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाला जाएगा। यात्रा में शिव भक्त कल सुबह 9 बजे नर्मदा कुंड से जल भर कर 13 किलोमीटर की दूरी तय कर घटियारी मंदिर पहुंचेंगे। यहां प्राचीन शिवलिंग पर सामुहिक जल अभिषेक एवं पूजा अर्चना किया जाएगा। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का अनुमान है। गांव गांव में कांवड़ यात्रा की लोग तैयारी में जुटे हैं। यात्रा के आगे डीजे की धुन पर शिव भक्त थिरकते चलेंगे। वही पीछे शिव भजन के साथ कांवड़ियां चलेंगे। यात्रा का जगह जगह स्वागत भी किया जाएगा। यात्रा आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओ से यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### अंधेरे में डूबी नगर की गलियां



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर की अधिकांश गलियां बरसात के मौसम में अंधेरे में डूबी है। बीते पंचवर्षीय कार्यकाल में नगर की गलियों को रोशन करने लगभग 150 नग खंभे और लाइट लगवाया गया था जो नगर की गलियों को रोशन कर रहे थे। बमुश्किल एक साल बाद लाइटे खराब होना आरंभ हो गई ।वर्तमान में नगर की अधिकांश लाइटें खराब होकर बंद है। इस मामले को हरिभूमि ने 16 जुलाई को उठाया था। यहां यह बताना जरूरी है कि गत एक जुलाई को कवर्धा से स्काई लिफ्ट मंगवाया गया था जिसके माध्यम से कवर्धा मार्ग, दुर्ग मार्ग एवं अन्य मार्गो की खराब स्ट्रीट लाइटों को निकलवाया गया था। लंबे अंतराल बाद स्काई लिफ्ट मंगवाकर स्ट्रीट लाइटें दुरूस्त कराने की पहल की गई है।

### सम्मान निधि पाकर किसानों में हर्ष

**सड़क अतरिया।** केन्द्र सरकार द्वारा पात्र पंजीकृत किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार तीन किस्तों में दिया जाता है। शनिवार को इसकी 20 वी किस्त किसानों के खाते में जमा हुई। किस्त पाकर किसानों में हर्ष का माहौल दिखा। शनिवार की दोपहर किसानों को उनके खाते में राशि जमा होने की जानकारी मिल गई। राशि जमा होने के बाद बहुत से किसान बैंक, एटीएम पहुंच कर राशि निकालते नजर आए। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने योजना की राशि जमा होने पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह राशि पाकर किसानों को काफी राहत मिल रही है। साल में तीन बार दो दो हजार उनके खाते में जमा हो रहा है जो किसानों के खेती, पर्व एवं घरेलु जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

### नहर विस्तार से बढ़ी सिंचाई सुविधा



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत घोटिया के आश्रित ग्राम बरनारा खुर्द पर डायवर्सन का निर्माण हुआ है जिसका पानी गांव तक पहुंचना शुरू हो गया है। पानी कोहकट्टा जलाशय होकर डंगबोरा जलाशय में जा रहा है जिसके कारण बांध पहली बार शत प्रतिशत भर गया है। यह पानी घोटिया में 100 प्रतिशत सिंचित कर सकता है। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा कृषि भूमि को सिंचित करने के लिए सिंचाई विभाग एसडीओ असद सिद्दीकी को आवेदन देखकर कन्हारखार चुहूरी नाला तरफ 1.5 किलो मीटर नहरविस्तार करने की मांग किया है। उन्होंने सिंचाई तालाब में गेट लगाने, कोहकट्टा नहर नाली को आरसीसी करने की मांग किया है। आवेदन देने के दौरान रामकुमारी मंडावी, शिवप्रसाद मंडावी, ललित मंडावी, सुखदेव यादव, चिंताराम कंवर, अहिल्याबाई कंवर, बिंदुबाई, रैनी बाई, लीलाबाई उपस्थित थी।

### आकाश बने विज्ञान परिषद के अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में नागार्जुन विज्ञान परिषद का गठन प्राचार्य प्रकाश यादव के मार्गदर्शन एवं विज्ञान विभाग और गणित विभाग के आचार्य दीदियों ने किया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष आकाश महोबिया, उपाध्यक्ष नागेश्वर साहू, चंचल वर्मा, सचिव प्राची देवांगन, उप सचिव राशि सिंहा, विवेक ताम्रकार, संरक्षक शिवम सिंहा, खुशी वर्मा, सुहानी चेलक, झलक देवांगन को बनाया गया है। सदस्य खुशी, माली, मीणा, प्रेरणा सिंहा, यामिनी वर्मा, सुष्मिता वर्मा, टिया निर्मलकर, मयंक निषाद, राज वर्मा, डाली, रेशमा यादव, पोषण वर्मा, खुशांत सिंहा, पूर्व कुमार, उज्जवला यादव, गुलशन साहू, प्रतिभा वर्मा, तुषार वर्मा, ऋषभ वाल्दे, पराग वर्मा, इशिका चेलक, खुशबू दमाहे, भूमिका साहू, मानसी टांडिया, लीना जंघेल, साक्षी, रिंकी साहू, वैष्णवी भगत, अनन्या साहू, लिसा सोनवानी, तेजस्वी साहू, उज्जवल वर्मा, शुभम वर्मा, पारुल पराते, तानी सिंह, इशिका महोबिया, शिखा टंडन, दुर्गा वर्मा, सृष्टि सहारे, रूबी साहू, कृतज्ञा साहू, खुशाल वर्मा, दीक्षा ठाकुर, साक्षी भारद्वाज, सोनालिका चौरसिया, तुलसी लोधी, गीतांजलि वर्मा, अखिलेश साहू, रोशन साहू, कुशल देवांगन, सृष्टि सहारे, सतीश सिंहा, इशिका कंडरा, उषा वर्मा, रेशम पटेल, वर्षा यूके, पूनम मंडावी, लक्ष्मीकांत सोनकर, वैदिक वैष्णव, यानी निर्मलकर, यशिका भारद्वाज, देविका सिंहा, चैतन्य साहू, रेणुका वर्मा, कृष्णा करसायल, मोनू झरिया, निखिल साहू, कादंबरी, निकिता वर्मा, मीनाक्षी श्रीवास्तव को बनाया गया है।

### घुमका के वार्डों का आरक्षण 14 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम के प्रावधान अनुसार नगर पंचायत घुमका के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षित करने की कार्रवाई 14 अगस्त 2025 दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्धारित कर व लॉट डालकर की जाएगी। नगर पंचायत घुमका के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई में नागरिक उपस्थित हो सकते हैं।

### निधन



**मनोरमा राजपूत**

**डोंगरगांव।** नगर के देवीसिंग ठाकुर की धर्मपत्नी मनोरमा राजपूत का शुक्रवार को दुःखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दो अगस्त को मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

## आवारा मवेशियों का प्रबंधन, कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

# चरवाहा रखने और पशु निगरानी समिति गठित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के नगरीय व ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में आवारा मवेशियों से हो रही परेशानी के मद्देनजर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभा कक्ष में अधिकारियों व गौसेवा से जुड़े समाजसेवियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निजी एवं आवारा पशु दोनों के तात्कालिक प्रबंधन का सख्त निर्देश देते हुए निजी पशुओं के लिए प्रत्येक ग्राम में अनिवार्य रूप से चरवाहा रखने, कांजीहाउस को तत्काल क्रियाशील करके आवारा मवेशियों को रखने और सीमावर्ती ग्रामों में पशु निगरानी समिति गठित करने कहा। ग्राम सभा में पशु प्रबंधन पर अनिवार्य रूप से चर्चा करने का निर्देश सहित उन्होने पशुओं की पहचान के लिए रेडियम टैग लगाने कहा। खरीफ सीजन के धान का पैरा इकत्रित करने बेलिंग मशीन की व्यवस्था करने, निजी मवेशियों को खुले में छोड़ने वालों को पहले समझाईस देने और उसके बाद भी पशु को खुला में छोड़ने पर जुर्माना लगाने कहा। पुलिस विभाग को लगातार गश्त करके पशु को एक जगह से दूसरी जगह छोड़ने वाले अथवा अन्य जिला से इस जिला में लाने वालों पर कड़ाई से कारवाई सुनिश्चित करने भी कहा।

### मवेशियों को रात में घर में बांधने की जा रही सख्ती

बैठक मे मौजूद अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक ग्राम में चरवाहा की व्यवस्था की जा रही है। मवेशियों को रात में घर में बांध कर रखने के लिए सख्ती की जा रही है। अन्य ग्राम से आवारा मवेशी छोड़ने वालों की निगरानी की जा रही है। मुख्य सड़क में बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए कर्मचारी लगाए जा रहे हैं। कांजीहाउस को ठीक करके पशु को रखा जाएगा। चारा दान कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ ग्राम में आवारा पशु को सार्वजनिक स्थल पर रखने की अस्थाई व्यवस्था की गई है। समाजसेवी भागवत शरण सिंह ने बताया कि खैरागढ़ में तीन गौशाला संचालित हैं जिनमे क्षमता के अनुरूप मवेशी रखे गए हैं, जिनके लालन पालन में काफ़ी खर्च होता है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शामिलात चारागाह और घास भूमि को पशु को रखने के लिए उपयोग किया जा सकता है। लाल टारकेश्वर ख़ुसरो ने बताया की गण्डई में जनसहयोग से सौ से अधिक पशु का देखभाल किया जा रहा है। उनके अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोग रात में नगरीय क्षेत्र में पशु छोड़कर चले जाते हैं जो बड़ी समस्या बनी हुई है। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ, एडिशनल एसपी, एसडीएम, पशु चिकित्सा अधिकारी, जनपद सीईओ सहित सीएमओ उपस्थित थे।

## साल्हेवारा पहुंचे संभागायुक्त डॉक्टर को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने छुईखदान विकासखंड के साल्हेवारा स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुर्वेदिक अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ बहादुर सिंह मार्को की अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण दौरान आयुक्त ने दवाइयों के भंडारण, मरीज पंजी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जांच की। उन्होंने बीएमओ को निर्देशित किया कि अस्पताल की सभी सेवाएं नियमित रूप से संचालित हों और मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त श्री राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा में मरीजों से प्रत्यक्ष संवाद किया और अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सक ने भवन की जर्जर स्थिति, स्टाफ और संसाधनों की कमी के साथ मरीजों की बढ़ती संख्या जैसी समस्याएं सामने रखीं। आयुक्त ने इन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने एसडीएम छुईखदान और बीएमओ को तत्काल कदम उठाने कहा। निरीक्षण दौरान 50 बिस्तर निर्माणाधीन नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने, परिसर की घेराबंदी सुनिश्चित करने और आसपास के अतिक्रमण को हटाने के भी सख्त निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनहित से जुड़ी हैं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सेवानिवृत्ति पर कार्यपालन अभियंता साहू को दी बिदाई



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद साहू के सेवानिवृत्ति पर अधिकारी-कर्मचारियों ने पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी बिदाई दी। श्री साहू ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं सीएसपीडीसीएल में 38 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि विद्युत कंपनी के सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वभाविक प्रक्रिया है। कंपनी के सेवाकाल में श्री साहू मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठा व जिम्मेदार अधिकारी रहे और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी से किया। समारोह में प्रकाशचंद साहू ने अपने सेवा यात्रा का विवरण देते अधिकारी-कर्मचारियों को सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद साहू के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मंगल तिर्की, शंकेश्वर कंवर, केसी खोटे, कांति नेताम, गीता ठाकुर, एसके बक्शी, नीरज देवांगन, पूजा ग्वालवंशी, एनके शुक्ला, एसके मरठा, सरस्वती अय्यर, अनिल मिंज, प्रकाश सोनटापर, डी. दिलेश्वर राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने किया।

## सोनपुरी बनेगा मॉडल ग्राम, कलेक्टर ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक में राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी को एक आदर्श मॉडल ग्राम में बदलने की दिशा में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सोनपुरी पंचायत भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज सहित समस्त जिला अधिकारी, नवाचारी कृषक बिसेसर साहू, सरपंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई जिसमें ओपन जिम, पुस्तकालय, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और महिला स्वावलंबन को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहाकि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए जिनका सीधा और सकारात्मक प्रभाव ग्रामीणों के जीवन स्तर पर दिखाई देना चाहिए। उनका जोर इस बात पर था कि योजनाए केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनके क्रियांवयन से ग्रामीणों के जीवन में वास्तविक बदलाव आए। बैठक मे स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, शिक्षा और साक्षरता को लेकर केंद्र प्रारंभ करने, पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन को प्राथमिकता देने, महिला सशक्तिकरण और युवा उत्थान को सशक्त बनाने, आर्थिक और सामाजिक नवाचारों को बढ़ावा देने, धार्मिक और सार्वजनिक संसाधनों के विकास कोलेकर चर्चा हुई।



### राज्यपाल की घोषणा पर त्वरित कार्रवाई

राज्यपाल द्वारा सोनपुरी के लिए घोषित ओपन जिम और पुस्तकालय की स्थापना के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सोनपुरी को मॉडल ग्राम बनाना केवल प्रशासन का काम नहीं, बल्कि पूरे गाँव की सामूहिक साझेदारी और जनभागीदारी का परिणाम होगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी करते हुए अगली समीक्षा बैठक तक ठोस प्रगति लाने कहा। बैठक बाद ग्रामीणों से सीधे संवाद दौरान उन्होंने उनकी मांगों, स्थानीय समस्याओं और गाँव की प्राथमिक आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सुझावों के आधार पर योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## परिचारक भर्ती परीक्षा आज

**छुईखदान।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा कल 3 अगस्त को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कुल 1016 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की नोडल अधिकारी रेणुका रात्रे ने बताया कि परीक्षार्थियों को समय का विशेष ध्यान रखना होगा। परीक्षा सुबह 11 से 1.15 बजे तक एक पाली में होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। ताकि उनकी तलाशी हो सके और पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। व्यापम के नियमों के अनुसार सुबह 10.30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

### ड्रेस कोड का करें पालन

परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। उन्हें हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना होगा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। सुरक्षा कारणों से कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। इन निर्देशों का पालन न करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से रोका जा सकता है।

### महत्वपूर्ण निर्देश

परीक्षा के लिए रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कन्या शाला खैरागढ़ में केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन का उपयोग किया जाएगा। परीक्षार्थियों को व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र के सभी पेजों का एक तरफा प्रिंट आउट लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र के साथ, मूल पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या आधार कार्ड लाना ज़रूरी है, जिसके बिना प्रवेश नहीं मिलेगा। इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं है, तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना होगा। परीक्षा कक्ष में संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट या टोपी जैसे अन्य सामान लाना पूर्णतः वर्जित है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में परीक्षा के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## शनिवार को पढ़ाई में व्यस्त रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शनिवार को क्षेत्र के सभी स्कुल सुबह 10 से 4 बजे तक संचालित हुए। बीते कुछ सत्रों से शनिवार को सुबह 8 से साढ़े 11 बजे स्कूल लगता था। हाल ही लोक शिक्षण विभाग ने बदलाव कर शनिवार को सामान्य दिनों की तरह विद्यालय लगाने का निर्देश दिया है। निर्देश के अनुसार छात्र अब शनिवार को बैग लेकर स्कूल पहुंचे। विद्यालयों में अन्य दिन की तरह अध्ययन कार्य संचालित होगा। जानकारी अनुसार माह के पहले और तीसरे शनिवार को अध्ययन कराया जायेगा। दूसरे और चौथे शनिवार को पर्यावरण, योग, खेल आदि गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।



### विभाग का फैसला फायदेमंद

जनपद सदस्य डोमार सिंह भेड़िया ने शनिवार को लगे फूल डे स्कूल को फायदे मंद बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को साल भर पढ़ाई के अलावा अन्य कार्यों की जिम्मेदारी सौंपा जाता है जिससे छात्रों का कोर्स पुरा करने तथा अध्ययन कार्य में गुणवत्ता लाने समय कम मिलता था। विभाग के इस फैसले से छात्रों को काफी फायदा मिलेगा। शिक्षा का स्तर ऊपर लाने में विभाग का यह फैसला कारगर साबित होगा।

### शिक्षक व छात्रों में निराशा

लंबे समय के बाद शनिवार को फूल डे स्कूल लगाने को लेकर ज्यादातर शिक्षक एवं छात्रों में निराशा देखने मिली। शिक्षक दूर्जनराम जंघेल, पन्ना लाल ने कहा कि पुरानी परंपरा में यह परिवर्तन निराशा भरा है। शनिवार को दिन भर विद्यालय संचालित होना शिक्षक और छात्र दोनों के लिए लाभप्रद नहीं होगा। विभाग को शनिवार को सुबह स्कूल लगाने का निर्देश जारी करना चाहिए, ताकि अगले सप्ताह नई ऊर्जा के साथ स्कूल का संचालन हो। हायर सेंकडरी स्कूल के छात्र आदि चन्द्रकर, दीपाली, कुसुम, मनीष ने भी शनिवार को सुबह स्कूल लगने को बेहतर बताया।

## संगीत विवि में जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्तर के वक्ताओं ने रखी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि के अंग्रेजी विभाग और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा प्रमुख वैभव सुरंगे के मुख्य आतिथ्य मे हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा रही। विशिष्ट अतिथि कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो डॉ मृदुला शुक्ल, कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी व कार्यक्रम के संयोजक डॉ कौस्तुभ रंजन रहे। शोध पत्र का सारांश संकलन पुस्तक विमोचन बाद संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वैभव सुरंगे ने देश की स्वतंत्रता में जनजातीय समुदाय के योगदान और उनके संघर्षों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईसीएसएसआर के माध्यम से शासन के द्वारा यह आयोजन देश के सौ से अधिक विश्वविद्यालयों में शुरू किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जनजातीय समुदाय से परिचित हो सके। उन्होंने बताया कि जब से भारत है तब से जनजातीय समुदाय का अस्तित्व है। देश की आजादी के लिए सबसे पहले खड़े होने वालों में जनजातीय समूह ही आता हैं केवल पुरूष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी इस संघर्ष में पीछे नहीं रहीं। श्री सुरंगे जी ने जनजातीय समुदाय का देश की आजादी में योगदान को लेकर विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के जंगलों को जनजातीय समुदाय ने ही बचा कर रखा हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि संगोष्ठी में विभिन्न प्रांतों से पहुंचे विद्वानजनों को सुनने का अवसर विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए लाभप्रद है। सामान्यतः शोधार्थियों को शोध के लिए भटकना पड़ता है परंतु इस आयोजन से उन्हें एक ही स्थान पर अधिक से अधिक जानकारी मिल पाएगी। कुलपति ने इस आयोजन के लिए अंग्रेजी विभाग के शिक्षकों की सराहना की।




### आजादी में अद्वितीय योगदान

विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कला संकाय प्रो डॉ मृदुला शुक्ल ने कहा कि यह एक अनूठा कार्यक्रम है जहां महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वतजनों को सुनने को मिलेगा। उपनिवेशवादी दौर में जनजातीय समुदाय ने आगे आकर देश की स्वतंत्रता में अपना योगदान दिया है। उन्होंने जंगल का पहाड़ विषय पर कविता पाठ किया। इससे पहले प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने उपनिवेशवाद मानसिकता और वर्तमान दौर को लेकर अपनी बात रखी। अंत में संगोष्ठी संयोजक डॉ कौस्तुभ रंजन ने उपस्थित अतिथियों सहित वक्ताओं व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में डॉ.आनंद बर्धन, एयूडी दिल्ली ने भगवान बिरसा मुंडा- ब्रिटिश और इंजिलवादी आधिपत्य के खिलाफ सांस्कृतिक पुनर्जागरण और क्रांति उनकी खोज विषय पर वक्तव्य दिया। द्वितीय सत्र में शिमी मोनी डोले जेएमआई दिल्ली ने बस्तर विद्रोह और गुंडाधुर-अधीनस्थ अनुभवात्मक इतिहास और राज विषय पर अपना वक्तव्य दिया। सत्र की अध्यक्षता डॉ अनुराग चौहान जीजीवी बिलासपुर ने की। इसके बाद ग्रंथालय में विभिन्न विवि और महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी बाद ऑडिटोरियम में लोक संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ दीपशिखा पटेल के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गेड़ीनृत्य, सरहुल नृत्य, मंडला करमा नृत्य, शैला नृत्य व बैगा नृत्य सहित विभिन्न नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

## धंसने लगा बस स्टैंड का फ्लोर

**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर के बस स्टैंड का फ्लोर ज्वाइंट के पास से टूटने और धंसने लगा है। समय रहते मरम्मत नहीं कराया गया तो स्थिति बिगड़ सकती है। लगभग 25 साल पहले सन 2000 में तत्कालीन अध्यक्ष अश्वनी ताम्रकार के कार्यकाल में बस स्टैंड का फ्लोर बनाया गया था। यह फ्लोर अलग-अलग डिब्बों के आकार में धर्मकोल डालकर बनाया गया था, जिसका जॉइंट्स अब टूटने लगा है। भारी बसों के लगातार आवागमन और बारिश के कारण टूटे हुए हिस्से धीरे-धीरे हिलने और धंसने लगे हैं। समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई, तो पूरा फ्लोर जर्जर होकर टूट सकता है, जिससे बसों की आवाजाही ठप हो जाएगी।

### मरम्मत कराया जाएगा

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि जल्द ही इंजीनियर को भेजकर स्थल का निरीक्षण कराया जाएगा। मरम्मत की आवश्यकता होगी तो काम शुरू कराया जाएगा।

## सार समाचार

### महाकाल मंदिर से निकलेगी कांवड़ यात्रा



**राजनांदगांव।** हेमू कालानी नगर स्थित लाल बागेश्वरधाम में इस बार सावन महोत्सव विशिष्ट अंदाज में मनाया जा रहा है। शिव भक्त सेवा-भक्ति और श्रद्धा के साथ पूरे सावन में महाआरती एवं दुग्ध अभिषेक के माध्यम से निरंतर शिवजी का पूजन कर रहे हैं। शिव सेवा मंडल के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि 4 अगस्त सावन सोमवार को सुबह 4.30 बजे कांवड़ यात्रा महाकाल मंदिर सिंघोला से दर्शन कर शिवनाथ नदी का जल भरकर बागेश्वर महादेव में आकर शिवजी को चढ़ाएंगे। सुबह 08 बजे अभिषेक एवं आरती होगी एवं सुबह 11 बजे से आचार्य द्वारा महाभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम होगा। अंतिम सावन सोमवार को काशी विश्वनाथ के दर्शन होंगे। दोपहर 01 बजे हवन एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रि 08 बजे से महाकाल एवं काशी विश्वनाथ भगवान की महाआरती एवं शिव चालीसा का पाठ किया जाएगा। शिव शिव मंडल के हरि तेजवानी, विनोद लुल्ला एवं अनिल तेजवानी ने भक्तों से अंतिम सोमवार के उपलक्ष्य में काशी विश्वनाथ का दर्शन करने की अपील की।

### 3 को नंदई सामाजिक भवन में बैठक

**राजनांदगांव।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने एवं भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा झांकी निकालने के संबंध में नगर के विभिन्न वार्डों में गत 4 सप्ताह से बैठक जारी है। आगामी बैठक 3 अगस्त को दोपहर 2 बजे से यादव समाज भवन नंदई चौक राजनांदगांव में आयोजित की गई है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के संबंध में आयोजन का अंतिम रूपरेखा तैयार किया जाएगा। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की विशाल शोभायात्रा उनके अनेक लीलाओं पर आधारित झांकी निकाली जाएगी, के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### भारतीय जनजातीय संस्कृति पर राय देंगे व्याख्यान



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शंकर मुनि राय को गाजीपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसमें वह भारतीय जनजातीय संस्कृति पर अपना व्याख्यान देंगे। सेमिनार उत्तरप्रदेश के गाजीपुर में इसी माह 23 और 24 अगस्त को आयोजित है। आयोजन समिति के अनुसार इस सेमिनार में अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल, लीबिया, तुर्की, कैलिफोर्निया आदि से शामिल होने वाले विद्वान और कलाकारों की सहभागिता सुनिश्चित हो चुकी है।

### निषाद समाज की मासिक बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक कल 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति रहेगी। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा।

### सावन मिलन समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** गीतांजली सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा सावन मिलन एवं हरियाली तीज समारोह का आयोजन जलतरंग कालोनी में किया गया। आयोजन में पारंपरिक झूले की विशेष साज-सज्जा ने सभी के मन को मोहा।कार्यक्रम में सावन सुंदरी स्पेशल, सोलह सिंगारोगिता, माला पहनाओ, हो जी गेम और अंताक्षरी जैसे रंग-बिरंगे आयोजन किया गया। आयोजन में अध्यक्ष पुष्पलता सेरूवा, उपाध्यक्ष शशि बघेल समेत अनिता गुप्ता, चंद्रकान्ता महानदिया, रंजीता चावला, प्रिया, जयंती हरदिया, प्रतिभा सोनखुसरे, दुर्गा वर्मा, शारदा दास, सेवती वास्कले, रेणुका नंदनवार, लता शर्मा, मंजुला शर्मा, लक्ष्मी देवांगन, सुमन सोनी, गीतांजली सेरूवा, मंजू शर्मा, विजयलक्ष्मी, दुर्गा साहू, शकुंतला यादव, मोनिका, तुसीका साहू, कमला साहू, नूतन भंसारे, पुष्पा दुबे, सांताजी समेत अन्य लोग शामिल थे।

### श्रावण हरियाली तीज महोत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** खंडेलवाल महिला मंडल का श्रावण हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। राजनांदगांव में खंडेलवाल महिला



मंडल सचिव भगवती खंडेलवाल ने बताया कि अध्यक्ष सरला खंडेलवाल के नेतृत्व में श्रावण तीज हरियाली महोत्सव हर्षोल्लास से भगवान श्री मोतीनाथ मंदिर परिसर में खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा विगत दिनों दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक आयोजित किया गया।
अध्यक्ष सरला ने कहा कि सनातन संस्कृति परंपरा में त्यौहारों को जीवंत रूप मातृभूमि एवं प्रकृति से जुड़ा हुआ है। हरियाली तीज का त्यौहार प्रकृति की मनमोहक सुंदरता से महिलाओं में उमंग की फुहार का संचार करता है। समाज की महिलाओं ने झूला झूलकर हरियाली तीज का आनंद उठाया। श्रावण तीज की विशेष मिठाई घेवर से एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। उक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

### सीएम के हाथों परदेशी सम्मानित

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा द्वारा प्राथमिक सदस्यता ऑनलाइन 2024-25 का उत्कृष्ट सदस्यता अभियान कार्यक्रम नए रायपुर सीएम हाउस में रखा गया था। जिसमें एक हजार से ऊपर ऑनलाइन प्राथमिक सदस्य बनाए हैं। ऐसे कार्यकर्त्ता का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों कार्यकर्त्ता उत्कृष्टता सम्मान को 1161 या जिसमें राजनांदगांव जिले के तिलई मंडल के अध्यक्ष परदेशीराम सोनबोईर को 1161 ऑनलाइन प्राथमिक सदस्य बनाने सदस्यता दीप सम्मान से पुरस्कृत किया गया।




## हर-घर तिरंगा: सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा

# तीन चरणों में मनेगा आजादी का उत्सव, तिरंगे के साथ होगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा-2025 कार्यक्रम का आयोजन देशभर में 2 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में भी जनभागीदारी को प्राथमिकता देते विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष कार्यक्रम का थीम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग है। जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाना। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक एवं तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन होंगे।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी।



#### तैयारियां जरी

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम सिर्फ एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नागरिक कर्तव्यों की अभिव्यक्ति है। तिरंगे का सम्मान और स्वच्छता की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक अवसर है। जिले में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

#### हर घर स्वच्छता थीम

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत देश की आजादी का यह उत्सव हर गांव एवं शहर में मनाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों को आह्वान किया है कि ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम से जुड़ते हुए हमें अपने घर में स्वच्छता को अपनाएं तथा तिरंगा लहराएं।

#### सभी संस्थाओं में होगा आयोजन

हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक संस्थाएं, स्व-सहायता समूह और सामाजिक संगठन को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया है। जिससे अधिक से अधिक परिवार अभियान से जुड़ सकें। निजी क्षेत्र एवं कॉर्पोरेट संस्थाओं को भी उनके सीएसआर संसाधनों के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम में योगदान देने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### आरला में 4 को जयंती महोत्सव

**राजनांदगांव।** जय मां सरस्वती मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय पूज्य पाद गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव 2025 का आयोजन ग्राम आरला में आगामी 4 अगस्त को किया जा रहा है।

आयोजक समिति के पंचराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम में जय मां सरस्वती मानस परिवार ग्राम आरला 11 से 12 बजे तक, शिव संगम मानस परिवार भोथीपारखुर्द 12 से 01 बजे तक, तारिणी महिला मानस परिवार कांकेतरा 01 से 02 बजे तक, आदर्श मानस परिवार उसरीबोड 02 से 03 बजे तक, सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाड़ीह 03 से 04 बजे तक, जय गजानंन मानस परिवार आरी (कोनारी) 04 से 05 बजे तक, महादेव विष्णु कश्यप के भजन 05 से 06 बजे तक, मोर जहुरिया मानस परिवार ढ़ोडिया की मंडली अपनी प्रस्तुति देगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि देवकुमारी साहू व अध्यक्षता प्रतिमा पप्पू चंद्राकर करेंगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा व अध्यक्षता मेघराज चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि राहुल साहू, खेमदास, शशिकला, संतोष लहरे, मुरलीध, नारायण, रेखराम, राजकुमार, कृष्णा, टहलदास, हेमनाथ, फूलचंद, कनक, ज्ञानदास, ओएल देवांगन शामिल रहेंगे।

## सांकरा में वित्तीय समावेशन और संतृप्तीकरण शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला अग्रणी बैंक कार्यालय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सोमनी के तत्वावधान में ग्राम सांकरा में वित्तीय समावेशन एवं संतृप्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में बैंक ऑफ बड़ौदा प्रधान कार्यालय वडोदरा से मनोज कुमार सहायक महाप्रबंधक, वित्तीय समावेशन विभाग, अंचल कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर से संदीप मान, दीपक मिश्रा एवं क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग से उपक्षेत्रीय प्रबंधक जयप्रकाश नारायण मुख्य रूप से उपस्थित थे।



जनजागरूकता शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा सामाजिक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक जन-धन खातों का महत्व, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन जैसी योजनाओं से समाज को होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है। जिसके नाते हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी है कि हम समाज को जनता एवं देश को बैंक से जोड़ सके। वित्त विभाग भारत सरकार द्वारा 01 से 30 जुलाई तक वित्तीय संतृप्तकरण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 8-10 साल पुराने जन-धन खाते जिनमें केवाईसी पेंडिंग है, उनमें डिबीटी के माध्यम किसी भी योजना का पैसा निकाल नहीं पाएंगे एवं खाताधारक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाएगा। जिला अग्रणी बैंक, आरसेटी एवं उच्चतर माध्यमिक पाठशाला सोमनी के बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से बीमा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। अंत में छत्तीसगढ़ राज्य गीत की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति एवं लीड बैंक प्रबंधक द्वारा धन्यवाद, आभार के साथ इस शिविर की समाप्ति की गई।

### मोबाइल कैम्प 4 से

**राजनांदगांव।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एसओपी अंतर्गत आने वाले जिले के ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मोबाइल कैम्प के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही निर्माण श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है।

5 अगस्त को ग्राम देवादा, 7 को भेड़ीकला, 12 को चिखली वार्ड (निर्माण कार्य), 18 को महाराजपुर, 21 को संत रविदास वार्ड, 29 को रेंगाकठेरा में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। डोंगरगढ़ विखं में 4 अगस्त को सलोनी, 6 को लालबहादुर नगर, 11 को मुसराकला, 13 को सिवनीकला, 20 को खुर्सीपार, 22 को मुरमुंदा एवं डोंगरगांव विखं में 5 अगस्त को मनेरी, 12 को ग्राम जंतर, 14 को ग्राम तुमड़ीबोड़, 20 को सुखरी, 22 को ग्राम घोरदा तथा छुरिया विकासखंड में 4 अगस्त को ग्राम झिथराटोला, 6 को ग्राम हालेकोसा एवं 20 अगस्त को ग्राम घोरतालाब में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन 6 को होगी रवाना



- 13 जिलों के 665 तीर्थयात्री करेंगे श्रीराम लला के दर्शन

**राजनांदगांव।** श्रीराम लला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अंतर्गत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 13 जिलों के 665 तीर्थयात्रियों को पहली बार राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से 6 अगस्त को श्रीराम लला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना होंगे।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने श्रीराम लला दर्शन अयोध्या धाम योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि 6 अगस्त को दोनों संभागों के 13 जिलों के तीर्थयात्रियों को तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन के माध्यम से श्रीराम लला दर्शन के लिए अयोध्या ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार राजनांदगांव से दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के तीर्थयात्री जाएंगे। इसके लिए अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीर्थयात्रा के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के तीर्थयात्रियों के रूकने के लिए अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पास व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा, भोजन, नाश्ता, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बस, पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। तीर्थयात्रियों के लिए अग्रसेन भवन में की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बस्तर संभाग से आने वाले तीर्थयात्रियों को ठहराने एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरड़वार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, पर्यटन, रेल्वे, खाद्य, पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संस्कारसिटी में 5 से चैम्पियनशिप

- सीबीएसई फार ईस्ट जोन चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव आगामी 5 से 8 अगस्त तक सीबीएसई फार ईस्ट जोन चैम्पियनशिप 2025-26 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस खेल आयोजन के लिए विद्यालय परिसर में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

इस चैम्पियनशिप में लगभग 60 टीम के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, जो विभिन्न सीबीएसई स्कूलों से आकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में अनेक खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। जिसमें खिलाड़ियों को अपने कौशल और खेल भावना का परिचय देने का अवसर मिलेगा।

प्राचार्य रेखा तिवारी ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में संतुलन बनाते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ने प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रबंधन, शिक्षकगण एवं स्वयंसेवी छात्रों ने मिलकर व्यापक तैयारियां की है। जिससे सभी प्रतिभागियों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया जा सके।

सीबीएसई फार ईस्ट जोन चैम्पियनशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खेल के माध्यम से नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करने का अवसर देना है। यह प्रतियोगिता छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के साथियों से मिलने और सीखने का अनमोल अवसर भी प्रदान करेगी।

## श्रावणी झूला महोत्सव आयोजित



**राजनांदगांव।** अंबागढ़ चौकी में प्रयत्न सामाजिक संस्था के तत्वावधान में श्रावणी झूला महोत्सव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू शामिल हुई। श्रावणी झूला महोत्सव में सावन सुंदरी प्रतियोगिता में रोशनी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार रागिनी खंडेलवाल, तृतीय पुरस्कार दूधनाग मैडम को प्रदान किया गया। जिपं की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती साहू ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर विजेताओं को शुभकामनाएं दी। जिपं की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि बेटा-बेटी को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाएं। इस मौके पर प्रयत्न सामाजिक संस्था अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, बसंती आठिया, निर्मल वर्मा, दुगदी साहू, कुंजलता हरमुख, कविता यादव, पूर्णिमा यादव समेत अन्य लोग शामिल थी।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पवन शक्ति नगर भांदेवाड़ी रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी रूपेश लक्ष्मणराव के स्वामित्व की जब्तशुदा क्सनोन पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 45-डी 1608 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

प्राचार्य की आवश्यकता
सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा (पंडरिया)
हमारे प्रतिष्ठित विद्यालय में प्राचार्य पद हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है।
हायर सेकेण्डरी स्तर के अनुभवियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
शैक्षणिक नेतृत्व व अनुशासन में दक्षता आवश्यक।
अवसर का लाभ उठाएं और शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व करें।
9074799999, 9713149000
स्थान : सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा, तहसील कुंडा पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)






## खबर संक्षेप

### छात्र छात्राओं ने गेड़ी दौड़ व भौंरा प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**हरिभूमि पंडरिया।** हमारी संस्कृति, हमारा पहचान है। हमारा अस्तित्व हमारे संस्कृति पर टिका हुआ है, हमको हमारी संस्कृति की आन-बान-शान होनी चाहिए। अपनी संस्कृति के प्रति ऐसी समर्पित भावना हर किसी के मन में होनी चाहिए। सीबीएसई स्कूलों में पारंपरिक संस्कृति पर आधारित गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें एंबीशन पब्लिक स्कूल में पिरीयोडिक टेस्ट परीक्षा के बाद गेड़ी दौड़ और भौंरा चलाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा अपने घर से गेड़ी बनाकर लाए थे, गाड़ी चलाते समय उनका संतुलन और गति देखने लायक थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य आरएन बेहरा, नंदकुमार चंद्राकर, उमेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, हलदर सिंह राजपूत, संतोष प्रधान, संस्कार श्रीवास्तव, ऋतुरा, पवन, कुलदीप साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

### गांव व क्षेत्र के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए बोल बम कांवड़ियों ने किया पदयात्रा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत जय मां कर्मा बोल बम समिति बहबलिया द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक धाम स्थित मां नर्मदा मैया से पवित्र जल लेकर जलेश्वर महादेव डोंगरिया में जलाभिषेक कर गांव व क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। वहीं जय मां कर्मा बोल बम समिति द्वारा कठिन व दुर्गम पहाड़ियों से पद यात्रा कांवड़ियों ने लमनी, नवरंगपुर, डोंगरिया, रापा में गायत्री मंदिर व सेतगंगा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। जिसमें मां कर्मा बोल बम समिति अध्यक्ष परमानंद साहू, कोषाध्यक्ष रामकमल साहू सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थें।

### मां महामाया बोल बम समिति धनेली ने डोंगरिया जलेश्वर महादेव में किया जलाभिषेक



**हरिभूमि कोलेगांव।** मां महामाया बोल बम समिति ग्राम धनेली के लगभग 35 कांवड़ियों ने मां नर्मदा अमरकटंक धाम से कठिन मार्ग से पदयात्रा कर मां महामाया बोल बम समिति अध्यक्ष, सचिव रोहित साहू, लखन साहू, अनुज साहू, संतोष साहू, संजय साहू सहित समस्त मां महामाया बोल बम समिति के सदस्य ने शनिवार को डोंगरिया धाम स्थित जलेश्वर महादेव में विधि विधान से पूजा अर्चना व जलाभिषेक कर क्षेत्र और गांव की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गई। साथ ही साथ डोंगरिया धाम से कवर्धा श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव के लिए रवाना हुए, जिसमें सोमवार को ग्राम धनेली स्थित शिव मंदिर एवं ग्राम के समस्त देवी-देवताओं में जलाभिषेक कर कांवड़ पद यात्रा पूर्ण करेंगे।

### सेवानिवृत्त सैनिक हनुमान चंद्रवंशी का ग्रामवासियों तथा पूर्व सैनिक संगठन ने किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कवर्धा।** 19 गार्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट मीरथल पठानकोट (पंजाब) से सेवानिवृत्त होकर हवलदार हनुमान चंद्रवंशी जब अपने गृह ग्राम चंदेनी पहुंचे तो इष्ट मित्रों, परिवारजनो तथा ग्राम सरपंच, पंच सहित समस्त ग्रामवासियों ने भव्य गर्मजोशी से बैंड बाजा, फूल माला, गुलदस्तों के साथ स्वागत किया। जो राष्ट्रीयता, देश प्रेम और सैनिकों के प्रति ग्रामवासियों का जो सम्मान भाव का अनूठा प्रदर्शन था कैसे एक सामान्य परिवार छोटे से गांव में जन्मे रोहित चंद्रवंशी के बड़े सुपुत्र हनुमान चंद्रवंशी अपने प्राथमिक शिक्षा चंदेनी, माध्यमिक शिक्षा उड़िया खुर्द व हॉयर सेकेण्डरी कवर्धा से पूरा कर 2009 में आयु 17 वर्ष के उम्र में भारतीय सेना की गार्ड रेजिमेंट में शामिल होकर देश के विभिन्न स्थान सतवारी कैंट जम्मूकश्मीर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, भठिंडा (पंजाब) गंगानगर (राजस्थान) कामठी नागपुर में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में भी 17 वर्ष सेवा देकर सकुशल सेवानिवृत्त हुए है। श्री चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं अपने सभी साथियों, वरिष्ठों और परिवार को उनके समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ, 17 वर्ष सेना में सेवा की है और यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव रहा है। मैं अपने देश की सेवा करने पर गर्व महसूस करता हूं, और मैं हमेशा सेना के मूल्यों को अपने साथ रखूंगा। मैने जो प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, साहस और टीम वर्क के महत्व को समझा हूं वह मेरे मन में देश सेवा का जज्बा कभी कम नहीं होंने देंगे। मैं अपने आगे भविष्य के लिए भी उत्साहित हूं और मैं देश की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। इस दौरान सरपंच, पंच तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

कांग्रेस की मजबूती के लिए अभी काम चालू, आगामी समय में सरकार को घेरेगी कांग्रेस: रवि

# संगठन सृजन अभियान के तहत शहर कांग्रेस को मिलेगा 3 नया मंडल अध्यक्ष

- आगामी समय में कवर्धा शहर में शहरी समस्याओं के समाधान के लिए होगा आंदोलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें सभी जिलो के समस्त ब्लॉक स्तर पर मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति किया जा रहा है। कवर्धा शहर संगठन प्रभारी रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी व कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत किया गया था, जिसमें प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस में नये मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के विषय पर चर्चा की गई है। श्री चन्द्रवंशी ने आगे बताया कि कवर्धा नगरपालिका अन्तर्गत बड़ी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करती है जहां पर सभी आम जन तक प्रत्येक वार्ड में पहुंचने के लिए शहर को तीन मंडल में विभाजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से सेक्टर व बूथ प्रभारियों की नियुक्ति कर कांग्रेस पार्टी को पूर्ण रूप से मजबूत किया जाएगा, जिससे की आगामी समय में हर कार्य चाहे वह आंदोलन हो, जन हित का कार्य हो,या अन्य पार्टी गतिविधि हो शहर कांग्रेस अपनी पूर्ण सहभागिता निभाएगा। उक्त बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, कवर्धा शहर संगठन प्रभारी रवि चन्द्रवंशी, जिला प्रभारी महामंत्री, शहर अध्यक्ष दीपक ठाकुर, जयंत जायसवाल, श्रीमती पुष्पलता जोशी, चेतन वर्मा, धीरज सिंह, जितेंद्र जैन, जगदीश गुप्ता, रामायण सिन्हा, सुरेश वर्मा, धनेश पाली, देवराज पाली सहित बड़ी संख्यामें कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।




### शहर कांग्रेस को मजबूत करने लिए संकल्प लिया गया

बैठक में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि पूरे जिले में संगठन की मजबूती और एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने, जनता की मांगो पर आंदोलन को मूर्त रूप देने के लिए पूरे जिले में मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति का कार्य चल रहा है, आज कवर्धा शहर की बैठक में शहर कांग्रेस को मजबूत करने लिए संकल्प लिया गया है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज कवर्धा की जनता दो साल में ही बीजेपी के नेताओ से ऊब गई है, शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बाद भी आज कवर्धा की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए वंचित है जिसके लिए नए संगठन नियुक्ति प्रक्रिया के बाद नगर पालिका को कांग्रेस घेरने का काम करेगी।



# भगवान शिव व श्री हनुमान का मंदिर जीर्णोद्धार हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर का प्राचीन जोरा मंदिर में भगवान शिव व श्री हनुमान का मंदिर अत्यंत जर्जर हो चुका था, जिसका जीर्णोद्धार कार्य फरवरी 2024 प्रारंभ किया गया था, जो वर्तमान में बनकर तैयार हो गया है। जिसका पूजा-अर्चना व स्थापना कार्यक्रम शनिवार 2 से 4 अगस्त को सम्पन्न होगा। जिसमें शनिवार को वेदी निर्माण, वेदी पूजन, शिवजी एवं हनुमान का अभिषेक, परिधि पूजन, गुम्बज पूजन, वास्तु पूजन, देव स्थापना, आवाहन, रामायण अखण्ड पाठ किया गया। वहीं द्वितीय दिवस 3 अगस्त रविवार को वेदी पूजन, मण्डप पूजन, कलश यात्रा, अन्नाधिवास, फलाधिवास, हरिकीर्तन सह मेहंदी सांझी तथा तृतीय दिवस 4 अगस्त सोमवार को वेदी पूजन, देव स्थापना, नेत्र मिलन आदि, अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, चोला आदि शिखर कलश स्थापना, हवन, विशेष आरती, महाप्रसाद, ब्राह्मणभोज, विशाल भण्डारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जीर्णोद्धार समिति द्वारा नगरवासी सहित अन्य श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य संपादित हो रहा है। जीर्णोधार में पंडरिया के पूर्व राजा स्व कृष्ण राज सिंह के सुपुत्र स्व सुनील राज के भाई अमरराज की सहमति से पंडरिया नगर के धर्म प्रेमी नागरिकों की समिति बनाकर जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया गया, समिति में प्रमुख रूप से धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर के विशेष प्रयास से नगर के धर्म प्रेमियो द्वारा समिति बनाकर मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्ण कराया गया, जिसमे नगर के जनमानस के साथ सभी ने स्वस्फूर्त सहयोग बढ़-चढ़कर किया।

# गोस्वामी तुलसीदास महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गत दिनों 31 जुलाई को लक्ष्मी नारायण मंदिर परिषर में तुलसी मानस मित्र मंडली द्वारा गोस्वामी तुलसीदास महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति-भाव से मनाया गया। इस पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीराम चरितमानस के सुंदर प्रसंगों का गायन किया गया एवं तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अगुवाई मंडली के संचालक हरि विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त शिक्षक) ने की। मुख्य वक्ताओं में मंडली के सदस्य अश्विनी कुमार पाण्डेय (सेवानिवृत्त), हरि शुक्ला (शिक्षक), पं विशाहू प्रसाद, आदित्य श्रीवास्तव, गोपी दास मानिकपुरी एवं तुलसी मानस मित्र मंडली अध्यक्ष छत्रपाल पुरी गोस्वामी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, प्रबुद्ध शर्मा प्राचार्य शारदा संगीत महाविद्यालय प्रमुख रूप से उपस्थित थें। सभी वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास के व्यक्तित्व, काव्यशक्ति तथा रामभक्ति की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन धार्मिक आस्था, संस्कृति और लोक-परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। उक्त जानकारी तुलसी मानस मित्र मंडली के सक्रिय सदस्य तामेश्वर सिंह ठाकुर द्वारा दी गई।

# सेवानिवृत्त संतोष चौबे को वन विभाग ने दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वन विभाग कवर्धा में पदस्थ डिप्टी रेंजर संतोष कुमार चौबे आयु 62 वर्ष पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर वनमंडल कार्यालय कबीरधाम में एक सादे एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें। उपस्थितजनों ने श्री चौबे के दीर्घ सेवाकाल में किए गए कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह के दौरान वनमंडलाधिकारी श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त के दिन ही श्री चौबे के पेंशन प्रकरण का तत्परता से निराकरण कर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जो विभागीय कार्यप्रणाली की तत्परता एवं पारदर्शिता को दर्शाता है। सेवानिवृत्त श्री चौबे ने अपने उद्बोधन में विभागीय अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने सेवाकाल की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि समन्वय, सहयोग एवं अनुशासन के साथ उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया तथा इस दौरान प्राप्त अनुभवों को जीवन की अमूल्य पूंजी बताया। समारोह का समापन सम्मान एवं शुभकामनाओं के वातावरण में उपस्थित कर्मचारियों ने श्री चौबे को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

### भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जवान भारत माता चौक बोल बम समिति स्कूल में सैनिक के भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रापा में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने पर तारकेश्वर चंद्राकर का शनिवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। बब्बे डेरा, भारत माता चौक कुण्डा व गैस एजेंसी एवं मां महामाया, मां गायत्री मंदिर, नवापारा हनुमान मंदिर, शिव मंदिर व जगन्नाथ पब्लिक स्कूल व घर तक राजस्थान आर्मी के सेवानिवृत्त जवान की अगुवाई युवक-युवतियों, बड़े-बुजुर्गों के द्वारा की गई। सेवानिवृत्त जवान तारकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि हमारा गांव छोटा जरूर है, परंतु गांव वालों का दिल काफी बड़ा है। सभी ने सेवानिवृत्त को एक उत्सव के रूप में मनाया है। उन्होने कहा कि देश सेवा के लिए वर्ष 2003, कासमी राजस्थान, 2025 में लासम, दफेदार के रूप सेवानिवृत्त हुए में गया था। 22 वर्ष की सेवा के बाद इतना स्वागत मिला। आज का यह दिन मेरे लिए काफी यादगार रहेगा।

### क्रिकेट ट्रायल अगस्त में होगा, पंजीयन प्रारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला क्रिकेट संघ की ओर से सभी आयु वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों का वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन पंजीयन 03 से 08 अगस्त तक किया जाएगा । नयें खिलाड़ियों को पंजीयन जिला क्रिकेट संघ के माध्यम से छग राज्य क्रिकेट संघ के साइट पर कराना अनिवार्य है। नए पंजीयन हेतु खिलाड़ियों को कबीरधाम जिले का निवास प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, विगत 05 कक्षाओं की अंकसुची, आधारकार्ड, की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटों लाना अनिवार्य होगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बलबीर खनूजा ने बताया कि पुराने खिलाड़ियों को पुनः पंजीयन की आवश्यकता नही है केवल उन्हें पंजीयन नवीनीकरण कराना होगा।

# अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को ऊंचाई छूट प्रदान करे सरकार: योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के युवाओं को नगर सेना अग्निशमा, युवा आपातकालीन सेवाएं एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) में भर्ती प्रक्रिया के दौरान ऊंचाई संबंधी छूट प्रदान करने की आवश्यकता पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। कि छत्तीसगढ़ जनरल ड्यूटी स्पेशल पुलिस (सीजीडीएसपी) एवं छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (सीजीएसआई) में एसटी उम्मीदवारों को ऊंचाई में छूट का प्रावधान पहले से ही है। किंतु इसी राज्य की नगर सेना अग्निशमा, युवा आपातकालीन सेवाएं एवं एसडीआरएफ जैसी समान महत्वपूर्ण सेवाओं में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, जो कि एसटी समुदाय के युवाओं के साथ भेदभावपूर्ण स्थिति उत्पन्न करती है। जिस पर योगेश्वर चंद्राकर ने नगर सेना अग्निशमा भर्ती नियमावली में एसटी उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई में छूट का प्रावधान किया जाए, युवा आपातकालीन सेवाओं में भी एसटी उम्मीदवारों को यह सुविधा प्रदान की जाए व एसडीआरएफ की भर्ती प्रक्रिया में भी इसी प्रकार की छूट दी जाए, यह कदम छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं को रोजगार के समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। साथ ही यह राज्य सरकार की सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास की नीति के अनुरूप भी होगा। आशा है कि आप इस विषय पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करेंगे।

सरहद के सैनिक भाइयों की कलाई पर सजेगी कन्या शाला की छात्राओं की राखियां

# एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत छात्राओं ने जवानों के लिए भेजी 1100 राखियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर के कन्या हाई सेकेण्डरी स्कूल के छात्राओं ने एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत रक्षाबंधन पर्व पर देश के सैनिकों को समर्पित करते हुए एक प्रेरणादाई पहल की है। विद्यालय की कक्षा 6 वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने देश सेवा के लिए सरहद पर तैनात फौजियों के लिए लगभग 1100 राखियां एकत्रित की है, जिन्हें डाक के माध्यम से केंद्र मुख्यालय भेजा गया है। इनमें से कई राखियों को छात्राओं ने अपने हाथों से बनाया है। छात्राओं ने सैनिक भाइयों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु व जीवन सुरक्षा एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की। भाई और बहन के पावन पर्व पर अपने घर से दूर पराक्रमी व शौर्यवान फौजियों के प्रति प्यार सम्मान और आभार व्यक्त किया है। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शैल बिसेन ने बताया कि देश के सैनिक हर विषम परिस्थितियों में अडिग रहकर देश की रक्षा करते हैं, इन सैनिकों का हौसला बढ़ाने व उन्हें रक्षाबंधन की खुशी का एहसास करने के लिए स्कूल की छात्राओं ने यह निर्णय लिया है कि हमारे सैनिकों की कलाई रक्षाबंधन के अवसर पर सुनी ना रहे। जिस पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती एनके एक्का ने छात्राओं द्वारा सैनिकों को राखी भेजने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि सरहद पर पहरा देने वाली हमारे सैनिक देश की सच्चे सपूत है और उनकी वजह से हम अपने देश के भीतर सुरक्षित है। छात्राओं ने उन्हें राखी भेजकर बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया है। राखियों से भरा लिफाफा सौंपने के अवसर पर संस्था की शिक्षिकाएं शैल बिसेन, एकता सिंह, भारती ठाकुर, विद्या कश्यप, मंजू भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### हिंदू संगम बोड़ला में 24 घंटा श्रीराम नाम एवं शिवाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन आज से

**हरिभूमि बोड़ला।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सावन महीने के चौथे सोमवार को हिंदू संगम बोड़ला में रविवार से सोमवार तक 24 घंटा श्रीराम नाम संकीर्तन (रामधुनि) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गांवों की रामधुनि संकीर्तन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगें। हिंदू संगम बोड़ला के संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया कि हर वर्ष यह आयोजन सावन महीने में किया जाता है, इस बार भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रीराम नाम रामधुनि संकीर्तन में प्रतियोगिता आयोजित किया गया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार पूर्व विधायक अशोक साहू द्वारा सात हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी द्वारा पांच हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार जिला पंचायत सदस्य ललित रूपसिंह धुर्वे द्वारा तीन हजार रूपए विजयी प्रतिभागियों को प्रदान किया जाएगा। जिस पर श्री वर्मा ने जिले के समस्त रामधुनि संकीर्तन मानस गायन टीम को आमंत्रित कर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने अपील की गई।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन

**बोड़ला।** उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा पूरे राज्य भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में त्रिस्तरीय कार्यशाला आयोजन का लक्ष्य रखा गया है। इसी के तारतम्य में तृतीय स्तर के महाविद्यालयीन कार्यशाला शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय झलमला के लिए संयुक्त रूप से झलमला महाविद्यालय में आयोजित की गई। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश पाठक द्वारा एनईपी 2020 के विशेष प्रावधानों पर चर्चा करते हुए शिक्षा निति को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कौशल उन्नयन के लिए जरूरी बताया। महाविद्यालय एनईपी प्रकोष्ठ के नोडल सनत देवांगन द्वारा तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश एवं डीएसई चयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और जिला मास्टर ट्रेनर एवं मुख्य वक्त असित कुमार के द्वारा शिक्षा निति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस शिक्षा नीति में बहुविषयक प्रणाली, भारतीय ज्ञान परंपरा, प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आगे के सेमेस्टर में आने वाली चुनौती और उसके समाधान पर भी चर्चा की गई। इस कार्यशाला में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक आरके पाठक, राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, स्वतंत्र जटाशंकर, शिवप्रसाद जांगड़े समस्त अतिथि व्याख्याता व एनईपी एंबेसडर उपस्थित थे।

**वारदात:** पूरी वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद, आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

# चिल्फी से नकाबपोश चोरों ने बुलेट मोटर सायकिल की पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी

गांजा और तस्करों को पकड़ने में महारत रखने वाली चिल्फी पुलिस की कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए बीते दिनो तीन अज्ञात चोरों ने थाना मुख्यालय से एक बुलेट मोटर सायकल पार कर दी। बताया जाता है कि इन अज्ञात चोरों ने चोरी की इस वारदात को बड़े ही सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया है। मजेदार बात है कि यह पूरी वारदात घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरो में कैद हो चुकी है। जिसकी फुटेज पीड़ित वाहन मालिक ने चिल्फी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ सौंप दी हैं लेकिन बताया जाता है कि घटना के करीब चार दिन बाद भी पुलिस इन अज्ञात चोरों को खोज नहीं पाई है। जिसे लेकर अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चिल्फीघाटी के मुख्य बाजार क्षेत्र में निवास करने वाले पंकज जैन ने रोज की तरह मंगलवार को भी अपनी बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेके 0603 अपनी दुकान के सामने खड़ी की थी। बताया जाता है कि इसी दौरान रात्रि करीब 1.00 बजे तीन अज्ञात चोरों ने बकायदा रैकी कर और मौका देखकर दुकान के सामने खड़ी बुलेट मोटर सायकल को डायरेक्ट कर ले भागे। घटना की जानकारी श्री जैन को दूसरे दिन सुबह हुई। जब वे दुकान पहुंचे तो उनकी मोटर सायकल गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उनकी बुलेट मोटर सायकल का कोई अतापता नहीं चला तो उन्होने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरो की जांच की। जिसकी फुटेज में तीन नकाबपोश चोर बड़े ही शातिराना ढंग से मोटर सायकल को चोरी करते नजर आ रहे हैं। इस खुलासे के बाद पीड़ित वाहन मालिक ने चिल्फी थाना पहुंचकर चोरी की रपट दर्ज कराई और बतौर साक्ष्य के रूप में सीसी टीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिए। लेकिन हैरानी की बात यह है कि घटना के चार दिन बाद भी पुलिस अज्ञात चोरों को नहीं पकड़ पाई है।






### जबलपुर की तरफ भागे अज्ञात चोर

सीसी टीबी फुटेज के आधार यह बात सामने आई है कि अज्ञात चोरों ने बुलेट मोटर सायकल को दुकान के सामने से बगैर चालू किए काफी दूर तक ले गए और उसके बाद मोअर सायकल को चालू कर जबलपुर की ओर भाग गए। बड़े ही बेखौफ ढंग से और वह भी चिल्फी थाना से करीब सौ मीटर की दूरी पर हुई इस चोरी के बाद अब चिल्फी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि क्या चिल्फी पुलिस रात्रि कालीन गस्त नहीं करती और अगर करती भी है तो फिर सवाल यह उठ रहा है कि चिल्फी मुख्यालय में तीन नकाबपोश मुख्य मार्ग में बेवजह कैसे घूम रहे थे।

### पूर्व में हुई चोरियों का आज तक अतापता नहीं

स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पूर्व भी चिल्फी मुख्यालय में संचालित कई दुकानो का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। लेकिन पुलिस इन चोरों को आज तक पकड़ नहीं पाई है। ऐसे में लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है कि क्या चिल्फी पुलिस को मुखबिरों की सूचना पर गांजा और तस्करों को पकड़ने में महारत हांसिल है?

# ग्राम पंचायत बिरहुलडीह का पंचायत सचिव निलंबित जिपं सीईओ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत बिरहुलडीह, जनपद पंचायत पंडरिया के सचिव गंगाराम टंडिया को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट में पाया गया कि ग्राम गभोड़ा के ग्रामीणों को राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र निर्माण तथा सड़क निर्माण कार्यों में सचिव द्वारा घोर अनियमितता एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है, जो कदाचार की श्रेणी में आता है।

उक्त अनियमितताओं के आधार पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के अंतर्गत गंगाराम टंडिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत पंडरिया नियत किया गया है एवं उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता प्राप्त होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा यह आदेश तत्काल प्रभावशील घोषित किया गया है।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता का संदेश



**स लोहारा।** हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता अभियान के तहत आज 02 अगस्त 25 को स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में जनप्रतिनिधि गण, नप अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक गण द्वारा सफाई अभियान चलाया गया एवं तिरंगा रैली निकाला गया, ताकि छात्र, छात्राओं एवं नगरवासियो मे देशभक्ति की भावना जागृत हो, उक्त अभियान मे नप अध्यक्ष संतोष मिश्रा, पीएम श्री जनभागीदारी के अध्यक्ष दानी मिश्रा, सीएमओ तेज सिंह चंद्रवंशी, नप उपाध्यक्ष हेमंत साहू, पार्षद गण दिवाकर ड़ड़सेना, यागवेंद्र मंडावी, ओमप्रकाश साहू, मुलसिंह,प्राचार्य मन हरण तुरकुले, सफाई दरोगा योगेश ठाकुर,वरिष्ट नागरिक गण एवं नप के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस प्रताड़ना के चलते आत्महत्या मामले में सर्वयादव समाज सक्रिय

## न्यायिक जांच की मांग को लेकर समाज कल सौंपेगा ज्ञापन



- घटना को लेकर सर्व यादव समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत खड़ौदा खुर्द के आश्रित ग्राम अचानकपुर निवासी माखनलाल यादव द्वारा तथा कथित पुलिस प्रताड़ना के चलते आत्महत्या किए जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है।

इस घटना के बाद जहां मृतक के परिजनो तथा स्थानीय ग्रामीणों ने घटना के रोज ही बोड़ला पुलिस पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए मृतक के शव को पोड़ी-बिलासपुर राजकीय राज मार्ग में घंटो चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था वहीं अब इस मामले को लेकर सर्व यादव समाज भी सक्रिय हो गया है। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद सर्व यादव समाज के एक प्रतिनिधि मण्डल ने मृतक माखन यादव के गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की है तथा समाज द्वारा निर्णय लिया गया है कि 4 अगस्त को सर्व यादव समाज इस मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। वहीं समाज ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर के यादव समाज के लोग कवर्धा जिला मुख्यालय में धरना देंगे।

बताया जाता है कि समाज के प्रतिनिधियों ने आत्महत्या के कारणों पर परिवार के लोगों व ग्रामीणों से चर्चा की। जिस पर मृतक के पिता और पंचायत के प्रमुखों ने समाज के प्रतिनिधियों को बताया कि माखनलाल यादव और गोपाल यादव सगे भाई हैं। चांदी चोरी के मामले में पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर माखन यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मामला तब शुरू हुआ जब कुछ लोगों ने चोरी की चांदी के जेवरात को एक व्यक्ति द्वारा गोपाल यादव को कम कीमत में बेची जा रही थी। गोपाल को शक हुआ कि चांदी चोरी की हो सकती है। तब उसने चांदी के जेवरात की फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया।

पुलिस को जब इस बात की जानकारी मिली तो चांदी बेचने वाले को थाने बुलाकर पूछताछ की गई। जहां चोरी के आरोपी ने पुलिस को बताया कि गोपाल यादव भी उसके साथ था। इसके बाद पुलिस ने गोपाल को थाने बुलाया और उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे माखन मानसिक रुप से आहत हो गया और उसने पुलिस प्रताड़ना से त्रस्त वू मजबूर होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। सर्व यादव समाज के प्रतिनिधियों को मृतक के परिजनो ने इस बात की भी जानकारी दी कि 31 जुलाई को एसडीओपी मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे थे और उन्हें 25 हजार रुपए नकद दिए थे। साथ ही कहा कि आरोपी पुलिसकर्मी को लाइन अटैच कर दिया गया है। आगे सरकार से मदद मांगी जाएगी।

### घटना को लेकर सर्व यादव समाज में आक्रोश

समाज की बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 अगस्त को सर्व यादव समाज जिला कवर्धा में न्यायिक जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर के यादव समाज के लोग कवर्धा जिला मुख्यालय में धरना देंगे। समाज प्रमुखों ने कहा कि इस घटना से पूरे प्रदेश के यादव समाज में आक्रोश है। समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने घटना की कड़ी निंदा की है। बैठक में सर्व यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदू, मुंगेली अध्यक्ष धनीराम यादव, कवर्धा जिला अध्यक्ष राकेश यदू, कार्यवाहक अध्यक्ष ओम यदू, पूर्व प्रत्याशी संतोष यादव, महामंत्री प्रकाश यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय यादव(पुतकी कला), सरपंच हिरामणी ग्वाला, झेरिया यादव समाज अध्यक्ष धनीराम यादव शामिल हुए।

# जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के किसानों के लिए खरीफ सीजन 2025 में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग, विपणन संघ (मार्कफेड) और सहकारी समितियों के समन्वय से यह कार्य योजनाबद्ध रूप से किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा समय से पहले और व्यवस्थित ढंग से खाद का भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित किया गया है।

खरीफ वर्ष 2025 के लिए सहकारी क्षेत्र के लिए कृषि विभाग द्वारा निर्धारित 55,864 मैट्रिक टन खाद लक्ष्य के विरुद्ध 31 जुलाई 2025 की स्थिति में 44,165 मैट्रिक टन, यानी 80 प्रतिशत खाद का भंडारण जिला स्तर पर कराया जा चुका है। वहीं सेवा सहकारी समितियों को अब तक 41,291 मैट्रिक टन खाद (लगभग 74 प्रतिशत ) उपलब्ध कराया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष 3 जुलाई 2025 तक ही सेवा सहकारी समितियों को 90 प्रतिशत खाद उपलब्ध करा दी गई है, जो किसानों की बढ़ती जरूरतों और समयबद्ध वितरण का स्पष्ट संकेत है।



कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं खाद-बीज की आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कृषि विभाग और विपणन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को किसी भी स्थिति में खाद-बीज की कमी का सामना न करना पड़े।

सभी समितियों में पर्याप्त भंडारण और निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से डबल लॉक केन्द्रो और सेवा सहकारी समितियों की निगरानी करें, और समय पर खाद-बीज किसानों को उपलब्ध कराएं। उनके निर्देशों के अनुरूप सभी समितियों में निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने हेतु लगातार परिवहन और भंडारण की प्रक्रिया जारी है। डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) खाद के विदेशों से आयात पर रूस-यूक्रेन युद्ध का प्रभाव पड़ा है, जिससे देशभर में इसकी आपूर्ति बाधित हुई है। लेकिन कबीरधाम जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से इस संकट को भी अवसर में बदला गया है। निर्धारित लक्ष्य 3733 मैट्रिक टन के विरुद्ध 6387 मैट्रिक टन डीएपी खाद का भंडारण कर 171 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। डीएपी की संभावित कमी के मद्देनजर कृषकों को एसएसपी जैसे विकल्पों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है, जिससे उनकी फसल उत्पादकता प्रभावित न हो।

# कबीरधाम की गाइड व रेंजर्स बहनों ने सैनिकों के लिए सौंपी राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा राज्यभर में संचालित एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान को अपार जनसमर्थन मिल रहा है।



इस अभियान का उद्देश देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आमजन के स्नेह और सम्मान से जोड़ना है। यह अभियान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के छत्तीसगढ़ राज्य संघ अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान पर, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला संघ कबीरधाम द्वारा सैकड़ों की संख्या में गाइड बहनों ने प्रेमपूर्वक हस्तनिर्मित राखियां तैयार कर राज्य मुख्यालय को प्रेषित कीं।

इन राखियों को राज्य सचिव कैलाश सोनी को विधिवत रूप से सौंपा गया, जो आगे चलकर देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों तक पहुंचाई जाएंगी। इस अवसर पर जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर. वर्मा उपस्थित रहे। इन सभी वरिष्ठजनों ने गाइड बहनों के इस सृजनात्मक एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण कार्य की भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनात्मक अभियानों के माध्यम से स्काउट-गाइड्स में न सिर्फ रचनात्मकता का विकास होता है, बल्कि उनमें देशभक्ति, सेवा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना भी प्रबल होती है।

गौरतलब है कि इस अभियान के अंतर्गत कबीरधाम जिले से कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा हजार से अधिक राखियां तैयार कर राज्य मुख्यालय में जमा किया गया है।

### विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय खेल में चयन



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी व शिक्षकों की टीमवर्क की भावना से किए जा रहे सतत कार्य के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। प्राचार्य व शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय के पाँच विद्यार्थियों सरस्वती, देवेंद्र, करिश्मा, अश्वनी एवं पल्लवी का चयन संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। करिश्मा ने विगत एक अगस्त को दुर्ग जिले के मर्रा में आयोजित कबड्डी में शामिल हुई। वहीं शेष चार विद्यार्थी आगामी चार अगस्त को दुर्ग जिले के उतई में आयोजित संभाग स्तरीय खो-खो में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा लगातार प्रयासरत**

# जिले में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का प्रतिनिधि मंडल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले की खेल प्रतिभाओं को सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध कराने तथा उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद से ही लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्री शर्मा के प्रयासों का ही नतीजा है कि महज डेढ़ साल के भीतर जिले में करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामों में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति प्रदेश की विष्णुदेव सरकार से प्राप्त हुई है। जिले में मिली मिनी स्टेडियम की इस स्वीकृति के बाद से कई ग्रामों में मिनी स्टेडियम का निर्माण पूर्ण हो चुका है तो कुछ में निर्माण कार्य चालू हैं वहीं इक्का दुक्का स्थानो में कार्य प्रारंभ होना है। उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू तथा सभापति एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र साहू ने स्टेडियम निरीक्षण के दौरान कहीं। जिला पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा न सिर्फ जिले में बड़ी संख्या में मिनी स्टेडियम स्वीकृत कराए हैं बल्कि



इन्हे समय पर पूरा कराने, इनके गुणवत्ता पूर्ण निर्माण तथा उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए भी कटिबद्ध हैं। श्री साहू ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में निर्मित कराए जा रहे मिनी स्टेडियम का समुचित लाभ क्षेत्र के खिलाड़ियों युवाओं को मिल सके, स्टेडियम का रखरखाव व प्रबंधन सभी ढंग से हो सके तथा खिलाड़ियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके इस बात का विशेष ख्याल रखते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण अंचलों के गणमान्य नागरिकों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में बीते शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के दिशा निर्देश पर उन्होने ग्राम कापा, खैरबना, सूरजपुरा जंगल तथा बड़ौदा खुर्द में निर्मित कराए जा रहे मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिनी स्टेडियम निर्माण की समुचित जानकारी संबंधित कार्य ऐजेंसी तथा ठेकेदार से ली गई साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से ईश्वरी साहू, अध्यक्ष, जिला पंचायत कबीरधाम, नंद श्रीवास, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, नरेश साहू, सभापति, जनपद पंचायत बोड़ला, मिलुराम साहू, मंडल अध्यक्ष, भोरमदेव मंडल, लालाराम साहू, मंडल अध्यक्ष, स.लोहारा मंडल, भुखन साहू, विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायत कबीरधाम, परदेशी पटेल, विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत स.लोहारा, अजय कौशिक, लखन पटेल, फिरत पटेल, जलेश्वर वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, राजेश साहू व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिले में बाइक एम्बुलेंस से दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा जिले के दूरस्थ एवं पहुंच विहीन इलाकों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाइक एम्बुलेंस सेवा संचालित की जा रही है। विकासखंड बोड़ला एवं पंडरिया के दुर्गम क्षेत्रों में इस सेवा के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं अन्य गंभीर मरीजों को समय पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। पहाड़ी और वनांचल क्षेत्रों में जहां बड़े वाहनों का पहुंचना कठिन होता है, वहां यह सेवा अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है। इस योजना की



शुरुआत तत्कालीन कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला खनिज न्यास मद से की गई थी, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना था। इस सेवा का संचालन हर वर्ष खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अनुमोदित दर पर किया जाता है। निविदा शर्तों के अनुसार सेवा प्रदाता को नियमित और समय पर भुगतान किया जा रहा है, जिससे सेवा की गुणवत्ता और निरंतरता बनी रहती है। विगत वर्षों में बाइक एम्बुलेंस के माध्यम से इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता मिली है, जिससे मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। वर्तमान में जिले में कुल 4 बाइक एम्बुलेंस संचालित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम ने बताया कि बाइक एम्बुलेंस योजना दूर-दराज के ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है और विभाग इस सेवा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।